नई दिल्ली > शनिवार, 15 अप्रैल 2023 > चैत्र 25 शक संवत 1945 वैशाख कृष्ण दशमी विक्रम संवत 2080
WATCH GOD WATCHDOG
NBT
नवभारत टाइम्स
वर्ष 77, संख्या 89 > पेज 24* > गुड़गांव > मूल्य 4.00 या 10.50* रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

PM बोले, क्रेडिट मांगने की नई बीमारी चली
देखें अंदर

केजरीवाल को CBI ने बुलाया, पूछताछ होगी
देखें अंदर

नोएडा, गाज़ियाबाद को मिलेगी RAPID कनेक्टिविटी

Akhandpratap.singh
@timesgroup.com

■ **गाजियाबाद :** रैपिड एक्स (RAPIDX) यानी रैपिड रेल न सिर्फ दिल्ली और मेरठ के बीच के सफर को आसान बनाएगी, बल्कि यह आसपास के एरिया के लिए भी कनेक्टिविटी का आसान साधन बनेगी। रैपिड एक्स को बस अड्डों और मेट्रो से जोड़ा जा रहा है, ताकि लोगों को निजी वाहनों का कम से कम इस्तेमाल करना पड़े।

82 किलो मीटर के इस पूरे कॉरिडोर में इस बात का काफी ध्यान रखा गया है। बात अगर साहिबाबाद से दुहाई के बीच बने प्रायॉरिटी सेक्शन की करें, तो इसमें साहिबाबाद और गाजियाबाद स्टेशन को मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के लिए चुना गया है। साहिबाबाद स्टेशन पर यूपी रोडवेज के बस अड्डे के साथ इसके लिंक करने का काम लगभग पूरा हो चुका है, जबकि गाजियाबाद स्टेशन के साथ नया बस अड्डा मेट्रो स्टेशन को जोड़ने की तैयारी है। यहां स्टेशन का काम काफी हद तक हो चुका है, लेकिन मेट्रो स्टेशन से जोड़ने वाले हिस्से पर काम नहीं हुआ है। इसके अलावा दिल्ली में न्यू अशोक नगर स्टेशन को मेट्रो स्टेशन से कनेक्ट किया जाएगा। इससे नोएडा भी इससे जुड़ जाएगा।

साहिबाबाद बस अड्डे तक पहुंचेंगे

साहिबाबाद के लोगों की सुविधा के लिए रैपिड एक्स के स्टेशन को साहिबाबाद बस अड्डे से जोड़ा जा रहा है। यहां स्टेशन पर तीन एंट्री और एग्जिट गेट बनाए गए हैं, जिनमें से एक गेट बस अड्डे की ओर बनाया गया है, जबकि दूसरा गेट वसुंधरा की तरफ और तीसरा गेट साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया की ओर बनाया जा रहा है। मल्टीमॉडल इंटीग्रेशन के तहत दिल्ली के बाहर से बसों के जरिये यहां पहुंचने वाले यात्रियों को रैपिड एक्स ट्रेन में सफर करने की सुविधा मिलेगी। इस बस अड्डे से उत्तर प्रदेश के कई जिलों के लिए बस सेवाएं संचालित होती हैं, जहां से रोजाना बड़ी संख्या में यात्री आवाजाही करते हैं। इसके साथ ही भविष्य में साहिबाबाद स्टेशन से बेहतर लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए कई रूटों पर फीडर बसें भी चलाई जाएंगी। यहां स्टेशन और बस अड्डे को जोड़ने का काम पूरा हो चुका है, जबकि वसुंधरा को फुटओवर ब्रिज के जरिये स्टेशन से कनेक्ट किया गया है। इस फुट ओवर ब्रिज पर रूफ शेड और साइड रेलिंग भी लग चुकी है। इस गेट की मदद से यात्री बिना किसी परेशानी के वसुंधरा की ओर से स्टेशन तक पहुंच सकेंगे।

रैपिड एक्स बस अड्डों व मेट्रो से जुड़ेगी

एनसीआरटीसी के अधिकारियों का कहना है कि रैपिड एक्स के गाजियाबाद स्टेशन की मेट्रो के साथ-साथ सड़क मार्ग से भी कनेक्टविटी रहेगी। प्रायॉरिटी सेक्शन में अभी कम पैसेंजर रैपिड एक्स ट्रेन के बाद मेट्रो से भी अपने गंतव्य तक जा सकेंगे। यही नहीं जिस पॉइंट पर दोनों स्टेशन बने हैं, वहां से कुछ किमी की दूरी पर नया बस अड्डा भी है। ऐसे में लोग बस से भी सफर करके अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं। जहां तक बात है गाजियाबाद स्टेशन और मेट्रो स्टेशन को जोड़ने की तो इसे एफओबी से ही जोड़ा जाएगा, लेकिन अभी इस एफओबी का काम शुरू नहीं हुआ है।

82 किलोमीटर है दिल्ली से मेरठ तक इस पूरे प्रॉजेक्ट की लंबाई

14 किमी का हिस्सा दिल्ली एरिया में पड़ता है रैपिड एक्स का

68 किमी का हिस्सा यूपी में पड़ता है इस प्रॉजेक्ट का

05 स्टेशन पड़ते हैं रैपिड एक्स के प्रायॉरिटी सेक्शन में

एनसीआरटीसी का दावा है कि दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ 82.15 किमी ट्रैक पर 2025 से संचालन शुरू कर दिया जाएगा। रैपिड रेल के प्रायॉरिटी सेक्शन पर इसी साल मई या जून में ट्रेन का संचालन शुरू हो सकता है।

गाज़ियाबाद में भी मेट्रो से होगी कनेक्ट

प्रायॉरिटी सेक्शन के सबसे बड़े स्टेशन गाजियाबाद को भी मेट्रो से जोड़ने की तैयारी है। दोनों स्टेशन को फुट ओवर ब्रिज की मदद से जोड़ा जाएगा। इस सेक्शन के चालू होने के बाद दुहाई की ओर से आने वाले यात्री गाजियाबाद स्टेशन से मेट्रो में सवार होकर आसानी से अपने गंतव्यों तक पहुंच सकेंगे। इसके साथ ही राजनगर और राजनगर एक्सटेंशन में रहने वाले यात्री गुलधर से रैपिड एक्स ट्रेन में सवार होकर 5 मिनट से भी कम समय में गाजियाबाद पहुंच सकेंगे। वहीं दिल्ली की ओर से दुहाई पढ़ने के लिए जाने वाले छात्र भी गाजियाबाद स्टेशन से रैपिड एक्स ट्रेनों में सवार होकर कुछ ही मिनटों में दुहाई स्थित अपने इंस्टिट्यूट तक पहुंच सकेंगे। इसके अलावा आर्य नगर, पटेल नगर, सेवा नगर, भीम नगर, हिंडन विहार, मुकुन्दपुर, माधोपुर, इस्लाम नगर, कैला खेरा, जस्सीपुरा, ब्रह्मपुरी और लोहिया नगर समेत अन्य क्षेत्रों के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

नोएडा ऐसे जुड़ेगा

■ वस, नोएडाः रैपिड रेल की सुविधा नोएडा के लोग भी आसानी से उठा सकेंगे। दरअसल, नोएडा में मेट्रो की जो ब्लू लाइन है, उसके स्टेशन न्यू अशोक नगर के पास ही रैपिड एक्स का स्टेशन भी बन रहा है। कनेक्टिविटी के लिए दोनों स्टेशनों को आपस में फुट ओवर ब्रिज के जरिये जोड़ा जाएगा। नोएडा के लोग ब्लू लाइन मेट्रो से न्यू अशोक नगर तक पहुंचेंगे, इसके बाद मेट्रो स्टेशन से बाहर उतरे बिना ही एफओबी से होते हुए रैपिड एक्स स्टेशन में पहुंच सकेंगे। यहां से सराय काले खां, गाजियाबाद के कई इलाकों और मेरठ तक पहुंचना आसान हो जाएगा। **NCRTC** का कहना है कि दोनों स्टेशन को जोड़ने के लिए 90 मीटर लंबा और 6 मीटर चौड़ा एफओबी बनाया जाएगा। यह एफओबी मेट्रो स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल को सीधे रैपिड एक्स स्टेशन से जोड़ेगा। रैपिड एक्स स्टेशन पर दो एफओबी और बनेंगे जो चिल्ला गांव, मयूर विहार और न्यू अशोक नगर के लोगों को सहूलियत देंगे।